न्यूज डायरी

जानी के 198 की पारी से सौराष्ट्र ने बनाये 531/9, चंडीगढ़ 78/5 के साथ बेकफुट पर

हिन्द जनपथ

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। चिराग जानी की 198 रनो की सहासिक पारी ने जीएमएसएसएस 26 में चंडीगढ़ के खिलाफ खेले जा रहे रणजी ट्राफी के दूसरे दिन सौराष्ट्र ने 531/9 का विशालकाय स्कोर खड़ा कर दिया है। जवाब में चंडीगढ़ 78/5 के साथ बेकफुट पर है। इससे पूर्व हल्की धुंध के बीच मेहमान टीम ने अपने ओवरनाईट स्कोर 299/2 को आगे बढ़ाया। जेकसन शेल्डन (69), जानी के साथ 123 रनों की साझेदारी रचने के बाद दिन के पहले आउट होने बल्लेबाज बने जिसका श्रेय निशंक बिरला को गया। बावजूद इसके 360/3 के साथ सौराष्ट्र मजबूत स्थिति में था। जानी ने एक बार फिर अर्पित वासावड़ा के साथ 56 रनों की साझेदारी की और टीम को 416 तक पहुंचाया। पारी के 109वें ओवर में वीशू ने जानी को अपनी ही गेंद पर कैच कर उनकी 198 रनो की सहासिक पारी का अंत किया। जानी ने इस पारी में 27 चैके और दो छक्के जड़े। इसके बाद रोहित ढांडा ने विश्वसिंह जडेजा (11) का विकेट लिया और सौराष्ट्र की आधी टीम 452 के स्कोर पैव्हिलियन लौटाई। 16 रनों बाद ही वीशू ने आक्रमक दिख रहे अर्पित वसावाडा (58) को विकेटकीपर मयंक सिद्धू के हाथों कैच करवाया। वीशू यहीं नहीं रुके और इसी स्पैल में कप्तान जयदेव उडनकट (2) को भी सस्ते में वापस भेजा। पारी के अंतिम क्षणों में बिरला ने मोर्चा संभाल कर प्रेरक मंकड (53) और धमेन्द्र जडेजा (14) को आउट किया जिसके बाद सौराष्ट्र ने 531/9 पर अपनी पारी घोषित कर दी। बिरला (4/160) ने चार जबकि वीशू ने (3/117) ने तीन विकेट लिये।

चंडीगढ़ की शुरुआत निराशाजनक रही जब पिछले मैच में शतक जड़ चुके शिवम भांबरी नौ रन बनाकर वापिस लौटे। अर्सलन खान और कप्तान मनन वोहरा की 54 रनों की साझेदारी ने नुकसान की भरपाई की परन्तु बेहतरीन खेल रहे खान (42) उडनकट की गेंद पर चकमा खाकर बोल्ड हो गये। इसके बाद जडेजा के एक ही ओवर में मेजबान को गहरा आघात पहुंचा जब अंकित कौशिक (0) और नाईटवाच मैन बिरला (0) आउट हुये। अगले ओवर में ही कप्तान मनन वोहरा (27) ने भी पैव्हिलियन की राह पकड़ी जिसके बाद चंडीगढ़ ने 78/5 पर अपना दिन खत्म किया।

25,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में सिपाही, पंजाब होम गार्ड और उनके साथी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार का केस दर्ज

हिन्द जनपथ

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के प्रति अपनाई गई जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने थाना अबोहर शहर, जिला फाजिल्का में तैनात सिपाही रजिंदर कुमार (नंबर 1293/फाजिल्का), पंजाब होम गार्ड (पी.एच.जी.) के वॉलंटियर रवि कुमार (नंबर 7064/डी) 6वीं बटालियन और उनके साथी सागर वर्मा निवासी गांव डंगर खेड़ा, फाजिल्का के खिलाफ 25,000 रुपये रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। इस मामले में सिपाही रजिंदर कुमार और उसके साथी सागर वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है, और ब्यूरो की टीमें तीसरे आरोपी की तलाश कर रही हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त दोनों कर्मचारियों और उनके साथी के खिलाफ यह मामला विजय कुमार निवासी ढाणी करनैल सिंह, तहसील अबोहर द्वारा मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन पर दर्ज कराई गई शिकायत की जांच के बाद दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, उक्त कर्मचारियों ने गांव निहाल खेड़ा के जैदेव नामक एक आरोपी को छोड़ने के लिए 2,00,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी, जो शिकायतकर्ता का जानकार था और उस पर नशीले पदार्थों से संबंधित केस दर्ज था। बाद में, उक्त सिपाही और होम गार्ड वॉलंटियर 1,20,000 रुपये रिश्वत लेने के लिए मान गए। शिकायतकर्ता ने आगे आरोप लगाया कि आरोपी होम गार्ड ने इस केस में शामिल तीन व्यक्तियों से 25,000 रुपये लिए थे। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में उक्त कर्मचारियों और उनके साथी के साथ की गई बातचीत को रिकॉर्ड कर लिया और सबूत के रूप में विजिलेंस ब्यूरो को सौंप दिया।

पंजाबियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ न करे केन्द्र, फैसला वापस ले और चंडीगढ़ पंजाब को सौंपे - आप

हिन्द जनपथ

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। चंडीगढ़ में हरियाणा का विधानसभा परिसर बनाने के फैसले पर आम आदमी पार्टी (आप) ने विरोध का स्वर तेज करते हुए कहा कि पंजाब के लोगों के लिए चंडीगढ़ सिर्फ जमीन का टुकड़ा नहीं है, यह तीन करोड़ पंजाबियों की भावनाओं से जुड़ा मामला है।

आप प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पंजाब के खिलाफ बड़ी साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ पर हर तरह से पंजाब का अधिकार है। इसे खरड़ के 22 गांवों को उजाड़कर बसाया गया था और चंडीगढ़ राजनीतिक सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक सभी तरह से पंजाब के साथ जुड़ा हुआ है। जानबूझकर विवाद पैदा करने के लिए यह फैसला लिया गया है। पंजाब के लोग इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

गर्ग ने कहा कि जब हरियाणा को पंजाब से काटकर अलग राज्य बनाया गया था उस समय वादा किया गया था कि कुछ वक्त बाद चंडीगढ़ पंजाब को सौंप दिया जाएगा। जब तक हरियाणा अपनी अलग राजधानी नहीं बना लेता तब तक चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश रहेगा। केंद्र सरकार को इस वादे का ख्याल रखना चाहिए और चंडीगढ़ को पंजाब को वापस कर देना चाहिए।

उन्होंने सवाल किया कि अगर हरियाणा सरकार इसके बदले चंडीगढ़ प्रशासन को पंचकूला में 12 एकड़ जमीन दे रही है फिर विधानसभा पंचकूला में ही क्यों नहीं बनाया जा रहा है? यह फैसला बिल्कुल गलत है।

कांग्रेस पार्टी आखिरी पड़ाव पर, प्रदेश ही नहीं देश भी जल्द कांग्रेस मुक्त होगा : पंडित मोहन लाल बड़ौली

हिन्द जनपथ

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को तीव्रता देने के लिए गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली रोहतक पहुंचे। प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आखिरी पड़ाव पर है और समाप्ति की ओर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि जल्द ही पूरा देश कांग्रेस मुक्त हो जाएगा। श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस के पास ना कोई नेता है और ना ही नीति है। नेतृत्व विहीन कांग्रेस पार्टी की आपसी लड़ाई अब परिवार की लड़ाई तक पहुंच गई है। श्री बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस राजनीतिक दल ना होकर सिर्फ पारिवारिक पार्टी बनकर रह गई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि आज सदस्यता अभियान को लेकर जिला के कार्यकर्ताओं से संवाद किया और हर बूथ पर 250 से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 1966 के बाद हरियाणा में किसी भी पार्टी की तीसरी बार लगातार सरकार नहीं बनी थी, लेकिन इस बार हरियाणा की जनता और कार्यकर्ताओं ने इतिहास रचते हुए प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनाने में प्रदेश के सामाजिक और गैर राजनीतिक संगठनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में 50 लाख लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। रोहतक में 814 बूथ है और हर बूथ पर 250 लोगों को पार्टी से जोड़ना है। सदस्यता अभियान में पूरी पारदर्शिता रखी गई है। ऑन लाइन लाइन कोई भी व्यक्ति इसे देख सकता है। उन्होंने कहा कि अब तक 10 लाख से ज्यादा लोगों ने भाजपा की प्राथमिकता सदस्यता ले ली है और

जल्द ही हम 50 लाख के टारगेट को पूरा कर लेंगे। पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता घर-घर जा रहे हैं और लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़कर प्राथमिक सदस्य बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान का मकसद मजबूत संगठन खड़ा करना है।

कार्यकर्ता 2029 की जीत के लिए अभी से जुट गए हैं

पत्रकार के एक सवाल पर बोलते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि अब हम 2029 के चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। इस विधानसभा चुनाव में 48 सीटों पर हमारी जीत हुई है। हारी हुई 42 विधानसभा सीटों पर अगले चुनाव में कमल खिले इसके लिए संगठन को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक चुनाव होता है तो हम अगले चुनाव की तैयारी में जुट जाते हैं।

पत्रकार के सवाल पर श्री बड़ौली ने कहा कि अभी संगठन का कार्य चल रहा है। नई ज्वाइनिंग नहीं कराई जा रही, सिर्फ साधारण सदस्यों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है। सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा और इसके बाद बूथ कमेटी का चुनाव होगा, जिला व प्रदेश का चुनाव होगा।

पार्टी छोड़ने वालों ने अपना स्थान स्वयं समाप्त किया

पार्टी छोड़कर गए कार्यकर्ताओं के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जो लोग पार्टी छोड़कर गए हैं उन्होंने अपना स्थान स्वयं समाप्त किया है। हर विधानसभा के हिसाब से हमने चुनाव लड़ चुके प्रत्याशियों के अलावा संगठन के कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया है और सूची तैयार हो चुकी है। इस संबंध में केंद्रीय नेतृत्व ही विचार करेगा। नगर निगम चुनावों के विषय में पूछे गए सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा हर तरह के चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है।

हार से उबरने के लिए कांग्रेस के लोग खाद का सहारा ले रहे हैं

डीएपी खाद के सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस को चुनाव की हार पच नहीं रही है। हार से उबरने के लिए कांग्रेस के लोग खाद का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में खाद को लेकर स्थिति खराब नहीं है।

इन्वेस्ट पंजाब पोर्टल अपनी कार्यक्षमता के कारण 28 राज्यों में अग्रणी : उद्योग मंत्री

हिन्द जनपथ

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उद्योगपतियों को पंजाब में निवेश करने का निमंत्रण दिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि उद्यमी अपनी इकाइयाँ शुरू करें, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा कि पंजाब में निवेश के लिए माहौल अनुकूल, उपयुक्त और शांतिपूर्ण है, और उद्योगों की उन्नति के लिए पंजाब सरकार पूरी संजीदगी और सद्भावना के साथ काम कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की नीतियां भी उद्योग हितैषी हैं और छोटे और मध्यम उद्योगपति एक हलफनामा देकर तुरंत अपना कारोबार शुरू कर सकते हैं और जरूरी दस्तावेजी प्रक्रिया 3 साल के भीतर पूरी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों को भी यह सुविधा देने का निर्णय मुख्यमंत्री स्तर पर विचाराधीन है।

सौंद ने बताया कि राज्य का 'इन्वेस्ट पंजाब' पोर्टल अपनी प्रदर्शन क्षमता के कारण 28 राज्यों में पहला स्थान रखता है और इस पर लगभग 58 हजार छोटे और मध्यम नए उद्योगों ने पंजीकरण करवाया है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई साल में पंजाब में 86 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है और इसे नए स्तरों पर ले जाने के लिए पंजाब सरकार ने प्रयासों को और तेज कर दिया है।

पंजाब के फोकल पॉइंट्स के बारे में सौंद ने कहा कि राज्य के विभिन्न शहरों में स्थित 52 फोकल पॉइंट्स में से 26 को नगर निगमों या कमेटियों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि फोकल पॉइंट्स को विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस करने का काम जारी है और पहले चरण में 5 शहरों के फोकल पॉइंट्स को रोल मॉडल के रूप में विकसित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि जल्द ही फोकल पॉइंट्स का नक्शा बदल दिया जाएगा।

एक खुशखबरी देते हुए उद्योग मंत्री ने बताया कि पंजाब की नई आई.टी. (सूचना प्रौद्योगिकी) नीति पर काम शुरू हो चुका है और इसे अगले वर्ष के मध्य से पहले लागू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि इस नीति के तहत मोहाली उत्तर भारत के नए आई.टी. हब के रूप में उभरकर सामने आएगा। इस नीति के लागू होने के बाद लगभग 55 हजार आई.टी. पेशेवरों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

सौंद ने कहा कि उद्योग मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से उन्होंने कई व्यापारियों, संगठनों, औद्योगिक चैंबर्स और औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें की हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी से मिले सुझावों को नई नीतियों और योजनाओं को बनाते समय ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि उद्योग हितैषी नीतियों के कारण पंजाब का औद्योगिक क्षेत्र जल्द ही दोगुनी और चौगुनी तरक्की करेगा।

खेडां वतन पंजाब दीया-3

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के तहत वालीबॉल (स्मैशिंग) एवं शतरंज प्रतियोगिता 15 को

हिन्द जनपथ

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। पंजाब सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित पंजाब राज्य खेलों 3 के राज्य स्तरीय टूर्नामेंटों के तहत वालीबॉल (स्मैशिंग) और शतरंज प्रतियोगिताएं 15 नवंबर को स्थानीय स्पोर्ट्स स्कूल में शुरू होने जा रही है जिसका आगाज दोपहर 12 बजे कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने किया।

जिला खेल अधिकारी गुरप्रीत सिंह ने कल होने वाली खेलों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन राज्य स्तरीय खेलों वॉलीबॉल (स्मैशिंग) और शतरंज प्रतियोगिताओं में पंजाब भर से 4000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे और 70 के करीब लगभग स्टेट और राष्ट्रीय स्तर के अधिकारी भाग लेंगे इस टूर्नामेंट में अपनी सेवाएं देंगे।

वॉलीबॉल अंडर-14 (लड़कियां) में 23 टीमें, अंडर-17 में 22 टीमें, अंडर-21 में 23 टीमें, 21-30 में 22 टीमें, 31-40 में 15 टीमें, 41-50 में 12 टीमें, 51-60 में 6 टीमें टीमों एवं 61-70 में 3 टीमों को भाग लेना है। लड़कियों में अंडर-14 में 21 टीमें, अंडर-17 में 21 टीमें, अंडर-21 में 21 टीमें, अंडर-21 से 30 में 9 टीमें, अंडर 31-40 में 5 टीमें और 41-50 में 3 टीमें भाग लेंगी।

पंजाब पुलिस ने यूके आधारित जबरन वसूली सिंडिकेट सहित दो गिरोहों का पर्दाफाश किया; 7 पिस्तौल सहित 10 आरोपी गिरफ्तार

हिन्द जनपथ

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराधों को बड़ा झटका देते हुए, जालंधर ग्रामीण पुलिस ने 10 कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर यूके आधारित जबरन वसूली सिंडिकेट समेत दो अलग-अलग आपराधिक गिरोहों को नष्ट कर दिया है। पुलिस टीमों ने उनसे 7 पिस्तौल, 18 जिंदा कारतूस और 10 मैगजीन बरामद की हैं। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

पुलिस टीमों ने गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के पास से अपराध गतिविधियों में इस्तेमाल की जा रही एक टोयोटा कोरोला एल्टिस कार, जुपिटर स्कूटर, प्लेटिना मोटरसाइकिल और एक्टिवा स्कूटर को भी



जब्त किया है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता लगा है कि यह सिंडिकेट सरहद पार से संचालित होता था और इसके मुख्य संचालक यूके, ग्रीस और मनीला से पंजाब में फिरौती और गोलीबारी की वारदातों का निर्देश देते थे। इसके अतिरिक्त जालंधर ग्रामीण पुलिस ने मध्य प्रदेश से चल रहे हथियार खरीद नेटवर्क का भी पर्दाफाश किया है।

उन्होंने कहा कि दो मॉड्यूल को नष्ट करने के साथ, पंजाब पुलिस ने फिरौती और गोलीबारी की कम से कम 14 घटनाओं को सफलतापूर्वक ट्रेस किया है, जिससे राज्य में विदेशी समर्थन प्राप्त अपराधों पर काफी हद तक लगाम लगी है। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जालंधर ग्रामीण हरकमल प्रीत सिंह खख ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि पहली सफलता तब मिली जब थाने लोहियां के एसएचओ यादविंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गिद्दड़पिंडी हाईटेक टोल प्लाजा के पास एक टोयोटा कोरोला एल्टिस (पीबी-65-एच-9100) को रोका और कार की तलाशी के दौरान दो .32 बोर की पिस्तौल, छह जिंदा कारतूस और पांच मैगजीन बरामद कर तीन संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय विरासत को वैश्विक स्तर पर सम्मान दिलाया

भारत 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाएगा, यह दिन भगवान बिरसा मुंडा की विरासत को समर्पित है, जो एक सम्मानित जनजातीय नेता और स्वतंत्रता सेनानी थे। यह दिन न केवल भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन का सम्मान करता है, बल्कि भारत भर के जनजातीय समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और योगदान को भी रेखांकित करता है, जिसे अतीत में अक्सर अनदेखा किया जाता रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत के जनजातीय समुदायों के साथ रिश्ता नीतियों से आगे जाता है - यह व्यक्तिगत है। यह संबंध उनके कार्यों से स्पष्ट होता है, चाहे वह किसी जनजातीय के घर में चाय पी रहे हों, उनके त्योहार मना रहे हों, या उनके पारंपरिक परिधानों को गर्व के साथ पहन रहे हों। पिछले तौर-तरीकों के विपरीत, प्रधानमंत्री मोदी का जनजातीय समुदायों के साथ जुड़ाव अत्यंत वास्तविक है। वे उनकी कहानियों, कलाओं और नायकों को लोगों के सामने लाते हैं तथा उनके योगदान को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रमुखता देते हैं। कई मायनों में, वे भारत के जनजातीय समुदायों के साथ इतने करीबी, सम्मानजनक संबंध को बढ़ावा देने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं।

पिछले दशक में, जनजातीय संस्कृति की पहचान में और उत्सव मनाने में उल्लेखनीय परिवर्तन देखा गया है। यहां वे अवसर बताए गए हैं, जिनके जरिये प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर जनजातीय समुदायों की आवाज को बुलंद किया है।

विश्व के राजनेताओं को जनजातीय विरासत से जुड़े उपहार

विश्व के राजनेताओं को जनजातीय कलाकृतियाँ भेंट करके, प्रधानमंत्री मोदी भारत की आदिवासी संस्कृति के प्रति वैश्विक सराहना को बढ़ावा देते हैं तथा संवाद और पहचान को प्रोत्साहित करते हैं। डोकरा कला से जुड़े उत्पाद धातु की जटिल कारीगरी और गहरी ऐतिहासिक जड़ों के लिए जानी जाती हैं। ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कुक आइलैंड्स और टोंगा के नेताओं को डोकरा कलाकृतियाँ उपहारस्वरूप दी गई हैं। झारखंड की सोहराई पेंटिंग रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को और मध्य प्रदेश की गोंड पेंटिंग ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा को उपहार में दी गई, जो अपने जीवंत रंगों और जटिल पैटर्न के लिए प्रसिद्ध है। उज्बेकिस्तान और कोमोरोस के नेताओं को महाराष्ट्र की वारली पेंटिंग से सम्मानित किया गया।

जीआई टैग के साथ जनजातीय विरासत को बढ़ावा देना

भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग के माध्यम से जनजातीय उत्पादों की मान्यता को गति मिली है, अब 75 से अधिक आदिवासी उत्पादों को आधिकारिक रूप से टैग किया गया है। जनजातीय कारीगरों को सशक्त बनाने का यह प्रयास सरकार की 'वोकल फॉर लोकल' पहल के अनुरूप है, जो पारंपरिक शिल्प को मान्यता प्राप्त ब्रांडों में बदल रहा है। वर्ष 2024 में कई वस्तुओं को जीआई टैग प्राप्त हुआ, जिसमें असम की बांस की टोपी, जापी; ओडिशा की डोंगरिया कोंध शॉल; अरुणाचली याक के दूध से बना किण्वित उत्पाद, याक चुरपी; ओडिशा में लाल बुनकर चींटियों से बनी सिमिलिपाल काई चटनी और बोडो समुदाय का पारंपरिक बुना हुआ कपड़ा, बोडो अरोनई शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, जनजातीय समुदायों की विविध भाषाओं, परंपराओं और सांस्कृतिक प्रथाओं का दस्तावेज तैयार करने, इन्हें संग्रहित करने और इनको बढ़ावा देने के लिए 300 से अधिक जनजातीय विरासत संरक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं।

भगवान बिरसा मुंडा की विरासत का सम्मान

पीएम मोदी ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करके भगवान बिरसा मुंडा को सम्मानित किया है। वे झारखंड के उलिहातु में बिरसा मुंडा के जन्मस्थान का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। रांची में भगवान बिरसा मुंडा मेमोरियल पार्क और स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय, जिसमें बिरसा मुंडा की 25 फुट ऊंची प्रतिमा है तथा अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान, इस मान्यता को रेखांकित करता है। बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में, श्री विजयपुरम स्थित वनवासी कल्याण आश्रम में उनकी एक भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी तथा स्थापना से पहले प्रतिमा को विभिन्न स्थानों पर ले जाने के लिए एक 'गौरव यात्रा' भी निकाली जाएगी।

जनजातीय विरासत के लिए एक बड़ा मंच - आदि महोत्सव

वर्ष 2017 में अपनी शुरुआत के बाद से, आदि महोत्सव ने भारत भर में विभिन्न स्थानों पर आदिवासी उद्यमिता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है, जिसके अब तक 37 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (ट्राइफेड) द्वारा आयोजित इस महोत्सव में 1,000 से अधिक जनजातीय कारीगरों ने भाग लिया है और 300 से अधिक स्टॉल पर जनजातीय कला, कलाकृतियों, हस्तशिल्प और व्यंजनों की समृद्ध विविधता का प्रदर्शन किया गया है। जी20 शिखर सम्मेलन में, जनजातीय कारीगरों को अपने काम के लिए और भी अधिक अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली।

जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान

मोदी सरकार ने बिरसा मुंडा, रानी कमलापति और गोंड महारानी वीर दुर्गावती जैसे जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया है। खासी-गारो, मिजो और कोल विद्रोह जैसे आंदोलनों, जिन्होंने भारत के इतिहास को स्वरूप प्रदान किया है, को भी मान्यता दी गई है। भोपाल में हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन और मणिपुर स्थित कैमाई रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर रानी गाइदिन्ल्यू स्टेशन कर दिया गया है। इसके अलावा, पूरे भारत में स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें से तीन पहले ही बनकर तैयार हो चुके हैं: रांची में भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय, जबलपुर में राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह संग्रहालय और छिंदवाड़ा में बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय।

जनजातीय उत्पादों के निर्यात का विस्तार

भारत के जनजातीय उत्पाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हो रहे हैं। अराकू कॉफी ने 2017 में पेरिस में अपनी पहली ऑर्गेनिक कॉफी शॉप खोली, जिससे वैश्विक बाजारों में इसका प्रवेश सुनिश्चित हुआ। इसी तरह, निर्जलीकरण प्रक्रिया से तैयार छत्तीसगढ़ के महुआ फूलों ने फ्रांस सहित अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी जगह बना ली है। खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका में, शॉल, पेंटिंग, लकड़ी के सामान, आभूषण और टोकरियाँ जैसे जनजातीय उत्पाद तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। सरकार ट्राइफेड आउटलेट और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी के माध्यम से इन प्रयासों का समर्थन कर रही है।

महाडिबेट में हुई गर्मागरम बहस ने चण्डीगढ़ क्लब के चुनावों के लिए ऊँची दांव वाली स्थिति तैयार की

हिन्द जनपथ

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। शहर के सबसे पुराने और सबसे बड़े क्लब चण्डीगढ़ क्लब चुनावों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों के बीच उनके वादों व दावों को लेकर चण्डीगढ़ प्रेस क्लब में महादिबेट का आयोजन किया गया जिससे इस प्रतिष्ठित क्लब के चुनावों के लिए ऊँची दांव वाली स्थिति तैयार कर दी है।

चण्डीगढ़ क्लब के चुनावों के लिए निर्धारित तिथि 16 नवंबर से ठीक पहले आयोजित इस महादिबेट ने तीव्र बहस, खुलासों और विवादों के साथ मंच तैयार किया।इस महादिबेट में 150 से अधिक क्लब के सदस्य शामिल हुए। इस बहस ने उम्मीदवारों को अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट करने और सदस्यों और एंकर डॉ. सचिन गोयल द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों का जवाब देने का एक अहम अवसर प्रदान किया।

अध्यक्ष पद के दो उम्मीदवारों नरेश चौधरी और रणमीत चौहान ने कठिन सवालों का सामना करने का साहस दिखाया जबकि तीसरे उम्मीदवार सुनील खन्ना की अनुपस्थिति ने विवाद खड़ा कर दिया। खन्ना ने आखिरी समय में भाग लेने से मना

कर दिया। ऐसा कहा गया कि वह 600 से अधिक नई सदस्यताओं के अनुमोदन को लेकर किए गए अपने बयानों को स्पष्ट करने में असमर्थ थे, जिन पर चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद सवाल उठे हैं। इन सदस्यताओं की अनियमितताओं की जांच की जा रही है और खन्ना इस मामले पर टिप्पणी करने के अधिकारी नहीं थे क्योंकि वह उस समय शासी निकाय का हिस्सा नहीं थे।

उपाध्यक्षीय बहस में भी नाटकीय घटनाएँ घटीं, जब एडवोकेट करण नंदा, जिन्होंने पहले भाग लेने का वादा किया था, आखिरी समय में बहस से बाहर हो गए। उनकी अनुपस्थिति ने सदस्यों को निराश किया, क्योंकि उनकी शासी मुद्दों पर स्थिति का पता नहीं चल पाया।

उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवारों में अनुराग अग्रवाल को उस समय की विवादास्पद नई सदस्यताओं के अनुमोदन में अपनी भूमिका को लेकर कड़ी पूछताछ का सामना करना पड़ा। सदस्यों ने उनसे सवाल किया कि जब वह स्क्रीनिंग समिति के अध्यक्ष थे, तो इस प्रकार की अनियमितताओं को रोकने में उनकी जिम्मेदारी क्या थी। बहस के दौरान एक चौंकाने वाले पल में अग्रवाल ने दावा किया कि उन्हें अपनी अध्यक्षता के बारे में बहुत बाद में पता चला, जिससे जवाबदेही और निगरानी पर और सवाल उठ गए। दूसरी ओर अनुराग चोपड़ा ने संतुलित व्यवहार दिखाया, सवालों का स्पष्टता से उत्तर दिया और चर्चा को पारदर्शिता और बेहतर शासन व्यवस्था की दिशा में मोड़ा।

खन्ना और एडवोकेट नंदा की अनुपस्थिति ने चौधरी, चौहान और अन्य उपाध्यक्षीय उम्मीदवारों की तैयारियों की तुलना में अंतर को और स्पष्ट किया, जो सदस्यों के सवालों के साथ संवाद करने के लिए तैयार थे। इससे यह साफ हो गया कि अध्यक्ष पद के लिए चौधरी और चौहान के बीच मुकाबला केंद्रित रहेगा, साथ ही अग्रवाल की उपाध्यक्षीय उम्मीदवारी पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। महादिबेट ने चण्डीगढ़ क्लब में ईमानदारी, जवाबदेही और पारदर्शी नेतृत्व की बढ़ती मांग को सशक्त किया है।

उत्तर रेलवे

ई. निविदा

खुली निविदा संख्या 42–अम्बाला/2024–25 दिनांक 14.11.2024

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (Rs.)	अग्रिम राशि (Rs.)	कार्य समाप्ति का समय	निविदा खुलने की तिथि
1	एडीईएन/एसआईआर के अनुभाग में संपर्क सड़कों (एसआईआर, एएनएसबी और अन्य रेलवे कॉलोनियों और अन्य स्थानों) खराब पानी के पाइपों (आरपीएआर पर ई–22 और 23, एसआईआर पर ई–66 से ई–74 और अन्य रेलवे कॉलोनियों और अन्य स्थानों) की मरम्मत।	59,39,922	1,18,800	06 महीने	10.12.2024
2	एडीईएन/एसआईआर के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एसआईआर और एनएलडीएम के अनुभाग में (एनएलडीएम, यूएचएल, एमएनपीआर, केआरएलआई और अन्य रेलवे कॉलोनियां) सीवरेज/ड्रेनेज सिस्टम की मरम्म